# एयूडी में स्नातक की सीटों पर आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू

**मिशन एडमिशन**



**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) में स्नातक (यूजी) दाखिला प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। विश्वविद्यालय इस वर्ष 1,194 सीटों पर प्रवेश देगा।

छात्र कश्मीरी गेट, करमपुरा और कुतुब संस्थागत क्षेत्र परिसर में कुल 23 स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश सीयूईटी-यूजी के अंकों के आधार पर किए जाएंगे। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों से कहा कि वे प्रवेश के लिए एयूडी के सीयूईटी (यूजी) पोर्टल पर पंजीकरण करें और आवेदन करने से पहले संबंधित पाठ्यक्रम की पात्रता, प्रवेश दिशा-निर्देश, आरक्षण नीति, शुल्क संरचना और तिथियों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें। अभ्यर्थियों को अंतिम तिथि का इंतजार न करने और समय रहते आवेदन करने की सलाह दी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय तीन वर्षीय और चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश देगा। ज्ञात हो कि यहां पर 85 फीसदी सीटें दिल्ली के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी नई अधिसूचनाओं और अपडेट के लिए अभ्यर्थी नियमित रूप से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें।

## इन बातों का ध्यान रखें

- आवेदन केवल सीयूईटी-यूजी आवेदन संख्या के माध्यम से ही पंजीकृत किया जा सकता है।
- आवेदन पत्र में नाम, जन्मतिथि और अन्य विवरण सीयूईटी आवेदन पत्र के अनुरूप ही होने चाहिए।
- फोटो और हस्ताक्षर जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में निर्धारित आकार सीमा के भीतर अपलोड करने होंगे।
- शैक्षणिक दस्तावेज, प्रमाणपत्र और अंकतालिकाएं निर्धारित आकार सीमा के भीतर स्कैन करके अपलोड करनी होंगी।

**संपर्क और सहायता**

प्रवेश से संबंधित किसी भी सहायता के लिए अभ्यर्थी admissions@aud.ac.in पर मेल कर सकते हैं। इसके अलावा 9818911121 हेल्पलाइन नंबर पर सोमवार से शुक्रवार, सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश संबंधी सभी अधिसूचनाएं और आवेदन की सुविधा विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट aud.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।

## एमएससी पाठ्यक्रम पर वेबिनार आज

**नई दिल्ली।** डीयू के क्लस्टर इनोवेशन सेंटर की ओर से एमएससी (गणित शिक्षा) पाठ्यक्रम को लेकर गुरुवार को सुबह 11 बजे वेबिनार आयोजित होगा।

यह पाठ्यक्रम गणित, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का समन्वित कार्यक्रम है। इसमें गणित, बीएड, बीएलएड, समेकित बीएड, प्रौद्योगिकी तथा अन्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषयों से स्नातक अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी गूगल मीट **meet.google.com/ced-xpxj-dsz** पर जाकर वेबिनार में शामिल हो सकते हैं।

## चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** डीयू के कई कॉलेजों ने स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की।

पात्र विद्यार्थी अपने-अपने कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेज चरणबद्ध तरीके से चौथे वर्ष के लिए आवेदन फॉर्म जारी कर रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने कॉलेज की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें, ताकि पंजीकरण की तिथि, आवश्यक दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों की जानकारी समय पर मिल सके।

## डीएसईयू ने बढ़ाई अंतिम आवेदन तिथि

**नई दिल्ली।** दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) ने पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।

अब सात जुलाई तक पंजीकरण कर सकेंगे। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, प्रवेश प्रक्रिया तथा अन्य नियमों की जानकारी सूचना पुस्तिका में उपलब्ध कराई गई है। जानकारी अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल **admission-pg.dseu.ac.in/** पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# आंबेडकर विवि में आज से दाखिला प्रक्रिया शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

दिल्ली सरकार के बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने 23 स्नातक कार्यक्रमों की कुल 1,194 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी दो जुलाई से आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, केवल कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी–यूजी 2026) में शामिल अभ्यर्थी ही प्रवेश के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे एयूडी-सीयूईटी (यूजी) 2026 प्रवेश पोर्टल पर पंजीकरण करने से पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पात्रता मानदंड, प्रवेश दिशा–निर्देश, आरक्षण नीति, शुल्क संरचना और महत्वपूर्ण तिथियों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें।

# AUD : UG की 1194 सीटों पर भी दाखिले

**अंडरग्रैजुएट कोर्सेज** के लिए डॉ. बी.आर. आंबेडकर यूनिवर्सिटी (AUD) में 2 जुलाई से दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। अकैडमिक सेशन 2026-27 के लिए यूनिवर्सिटी इस साल 23 अंडरग्रैजुएट कोर्स मे एडमिशन देगा। इस साल कुल 1194 सीटें है। यूनिवर्सिटी ने बताया कि सीयूईटी (यूजी) 2026 मे शामिल हुए स्टूडेंट्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के तहत तीन और चार साल के कोर्स मे दाखिले के लिए अप्लाई कर सकते है। स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी के सीयूईटी (यूजी) 2026 प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। दाखिले सीयूईटी यूजी स्कोर के आधार पर होगे।स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट aud.delhi.gov.in पर कोर्स वाइज एलिजिबिलिटी, आरक्षण, फीस समेत बाकी जानकारिया ले सकते है। यूनिवर्सिटी ने कहा है कि लास्ट डेट से पहले आवेदन करे।

# स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आज से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** डॉ बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आज से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके तहत पहले चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 जुलाई तक चलेगी।

विश्वविद्यालय इस वर्ष 23 स्नातक कार्यक्रमों में कुल 1194 सीटों पर प्रवेश देगा। दाखिला प्रक्रिया नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत संचालित तीन और चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए होगी। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी यूजी-2026) के आधार पर किया जाएगा। आंबेडकर विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक छात्र aud.delhi.gov.in पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सामान्य व ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के छात्रों को पंजीकरण शुल्क के रूप में 650 रुपये व एससी-एसटी, पीडब्ल्यूबीडी, ईडब्ल्यूएस, व अनाथ श्रेणी के छात्रों को 300 रुपये का भुगतान करना है। इस बार छात्र एक पंजीकरण शुल्क से सभी प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकेंगे।

**दो जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगी दाखिला प्रक्रिया**

बीते साल तक छात्र जितने प्रोग्राम के लिए आवेदन करते थे, उनके लिए अलग-अलग शुल्क का भुगतान करना पड़ता था। इस प्रक्रिया में बदलाव से छात्रों को राहत मिलेगी। पहले चरण की आवेदन प्रक्रिया में छात्रों को अपनी बेसिक जानकारी उपलब्ध करानी है। उसके बाद प्रोग्राम चयन और पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना है। अंतिम चरण में मेरिट लिस्ट निकालकर सीट का आवंटन छात्र को किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने सीयूईटी यूजी 2026 में शामिल हुए छात्रों से अपील की है कि वे आंबेडकर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट aud.delhi.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। विवि ने आवेदन करने से पहले छात्रों को कार्यक्रम वार पात्रता, दाखिले के दिशा-निर्देश, आरक्षण नीति, शुल्क संरचना को सावधानीपूर्वक देखने की सलाह दी है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय रहते आवेदन करें, जिससे कि अंतिम समय में संभावित तकनीकी समस्याओं से बचा जा सके। ब्यूरो

U.P. State Industrial Development Authority

# Ambedkar University to begin UG admissions from July 2

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi




Dr BR Ambedkar University Delhi (AUD) will commence admissions to its undergraduate programmes for the 2026-27 academic session from July 2, with the varsity introducing several new undergraduate and postgraduate courses as part of a major expansion of its academic offerings.

Established by the Delhi Government, the university will offer admissions to 23 undergraduate programmes across disciplines in the social sciences and humanities, with a total intake of 1,194 seats.

Admissions will be based on the Common University Entrance Test (CUET-UG) 2026 scores for three-year and four-year undergraduate programmes under the National Education Policy (NEP) 2020.

Candidates have been asked to register on the university's CUET (UG) admission portal and carefully review programme-wise eligibility criteria, admission guidelines, reservation policy, fee structure and important dates before submitting their applications.

The university has advised applicants to complete the registration process well before the deadline to avoid last-minute technical issues and regularly check its official website for admission-related updates.

The admission cycle will coincide with a significant expansion of the university's academic portfolio for the upcoming session.

At least five new programmes are being introduced for the 2026-27 academic year, along with one-year postgraduate programmes in seven disciplines under the Post Graduate Curriculum Framework (PGCF).

Officials said the new academic session would witness the introduction of postgraduate programmes, such as MA in Creative Writing and MA in Performing Arts (Theatre Arts).

Among the new undergraduate offerings is a BA in Museology, Culture and Heritage Management, which university officials described as one of the first programmes of its kind at the university level in India.